आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 02/09/2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- शिवपुरी में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश के सातवें पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर का भूमिपूजन किया.।
- श्योपुर में बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री ने वर्चुएली संबोधित किया. मंडी विश्राम गृह के लिए 60 लाख मंजूर।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर प्रदेश में चलेगा सेवा संकल्प अभियान, 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक होंगे 13 बड़े कार्यक्रम।
- प्रदेश के पूर्वी हिस्से में बारिश का कहर, चित्रकूट-सतना सबसे ज्यादा प्रभावित।

**सिंधिया शिवपुरी डाकघर**

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज शिवपुरी अत्याधुनिक प्रधान डाकघर का लोकार्पण और देश के सातवें पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र से प्रदेश और आसपास के राज्यों के डाक कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक और नई पीढ़ी के कौशल का प्रशिक्षण मिलेगा। श्री सिंधिया ने कहा कि अब प्रदेश के डाक कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए करीब 600 किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि देश में पहले से छह पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर संचालित हैं। शिवपुरी का नया केन्द्र डाक सेवाओं को आधुनिक और डिजिटल बनाने के साथ कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**बलराम कृषि महोत्सव-** ग्वालियर

ग्वालियर के मेला मैदान में प्रदेश स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव एवं किसान समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हुए। किसान कल्याण वर्ष के तहत मुख्यमंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल, शून्य प्रतिशत ब्याज योजना के सरलीकरण और कृषक कवच योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार युवाओं और किसानों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। वहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के अन्नदाताओं को आधुनिक सुविधाएं मिल रही हैं।

**बलराम कृषि महोत्सव-** श्योपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज श्योपुर में बलराम कृषि महोत्सव एवं किसान मेले को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को लगातार

बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही है और अब किसानों को सिंचाई के लिए दिन में भी बिजली की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए कृषि उपज मंडी में नया विश्राम गृह बनाने के लिए 60 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। वहीं राजगढ़ के ग्राम पांदा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल शामिल हुए, अशोकनगर के कृषि विज्ञान केंद्र में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में आधुनिक खेती व प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।

**जन विश्वास पोर्टल**

`मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान पोर्टल लॉन्च किया। इस पोर्टल पर अब जिलों में अभियान के तहत हो रही गतिविधियों और उपलब्धियों का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। अभियान के पहले महीने में पांच लाख 64 हजार से अधिक सीएम हेल्पलाइन शिकायतों और आठ लाख छह हजार से अधिक लोक सेवा गारंटी आवेदनों का निराकरण किया गया है। जिलों को हर सप्ताह अपने काम की जानकारी अगले सोमवार तक पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। संभागायुक्त और संबंधित विभाग पोर्टल के माध्यम से जिलों की गतिविधियों की नियमित निगरानी करेंगे।

**ट्रांसफॉर्मर यूनिट- सीएम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 सितंबर को सीहोर में सीजी पावर की नई पॉवर ट्रांसफॉर्मर यूनिट से पहले ट्रांसफॉर्मर के रोल-आउट की शुरुआत करेंगे। करीब 50 एकड़ में बनी यह इकाई देश की बड़ी पॉवर ट्रांसफॉर्मर निर्माण सुविधाओं में शामिल है। यहां 220 केवी से 1200 केवी तक के बड़े ट्रांसफॉर्मर बनाए जाएंगे। इनका उपयोग बिजली, रेलवे, डेटा सेंटर और सोलर सहित रिन्यूएबल एनर्जी परियोजनाओं में होगा। इस इकाई से दो हजार से ज्यादा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बनने की उम्मीद है। यहां बने ट्रांसफॉर्मर देश के साथ विदेशों में भी भेजे जाएंगे।

**पीएम मोदी- सेवा संकल्प अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाए। अभियान के दौरान प्रदेश में 13 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में जनसंवाद और जनकल्याण गतिविधियों के साथ विकास पुस्तिकाएं लोगों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। 17 सितंबर को उज्जैन के महाकाल महालोक में बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

**जन्माष्टमी पर आयोजन**

प्रदेश में जन्माष्टमी के अवसर पर चार सितंबर को राज्य स्तरीय 'श्रीकृष्ण पर्व' आयोजित किया जाएगा। 'घर-घर गोकुल, घर-घर गोपाल' की संकल्पना के साथ प्रदेश के सभी 55 जिलों में 111 स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बताया कि प्रदेश के साढ़े सात हजार से अधिक श्रीकृष्ण मंदिरों को विशेष रूप से सजाया जाएगा और 1500 से अधिक कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। मुख्यमंत्री निवास पर भी विशेष आयोजन होगा, जिसमें राधा-कृष्ण की वेशभूषा में 101 से अधिक बच्चे शामिल होंगे।

**चीनी के स्टॉक को लेकर नियम**

प्रदेश में अब चीनी के स्टॉक को लेकर नई सीमा तय की गई है। कोई भी डीलर 4 हजार क्विंटल से ज्यादा चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेगा और इसे 30 दिन से ज्यादा समय तक भंडारित भी नहीं किया जा सकेगा। सभी डीलरों को केंद्र सरकार के पोर्टल पर अपने चीनी स्टॉक की जानकारी नियमित रूप से अपडेट करनी होगी। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि इस संबंध में सभी कलेक्टरों को जरूरी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं थोक उपभोक्ता 15 दिन से ज्यादा का चीनी स्टॉक नहीं रख सकेंगे, इसमें हलवाई, मिठाई विक्रेता और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग जैसे उपभोक्ता शामिल हैं।

**SWAYAM पोर्टल**

SWAYAM के जुलाई 2026 सेमेस्टर के गैर-NPTEL पाठ्यक्रमों में पंजीयन की तारीख बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। पहले पंजीयन की आखिरी तारीख 31 अगस्त थी, अब विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को ऑनलाइन कोर्स चुनने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। पोर्टल पर 1700 से ज्यादा पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनमें AI, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषय शामिल हैं। SWAYAM पोर्टल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक आधिकारिक ऑनलाइन शिक्षण मंच है। इसका मुख्य उद्देश्य देश के हर छात्र तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुफ्त में पहुँचाना है।

**पुरस्कार**

केंद्र सरकार ने वर्ष 2024 के लिए तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। ये पुरस्कार स्थलीय, जल, वायु साहसिक कार्य और आजीवन उपलब्धि की चार श्रेणियों में दिए जाते हैं। लैंड एडवेंचर में बलजीत कौर और स्काल्ज़ांग रिग्ज़िन, वाटर एडवेंचर में रिमो साहा तथा लाइफ टाइम अचीवमेंट के लिए शिव प्रसाद चमोली को चुना गया है। प्रत्येक विजेता को प्रतिमा, प्रमाण पत्र और 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के साथ ये पुरस्कार प्रदान करेंगी।

**इंदौर जू में शावकों का जन्म**

इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में शेरनी सुंदरी ने करीब तीन दिन पहले दो शावकों को जन्म दिया है। सुंदरी पिछले करीब एक सप्ताह से गुफा में रह रही थी, जिससे जू प्रबंधन को उसके प्रसव की उम्मीद थी। इससे पहले करीब आठ महीने पहले शेरनी मेघा ने तीन शावकों को जन्म दिया था, अब नए शावकों के जन्म के बाद जू में शेरों की संख्या 14 हो गई है।

**मौसम का हाल**

अब बात मौसम की। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में स्ट्रॉन्ग मानसूनी सिस्टम की वजह से बारिश का दौर जारी है। जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं, जबकि सतना और चित्रकूट सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और रामघाट की करीब 400 दुकानें और 20 से 25 होटल पानी में डूब गए हैं। मौसम विभाग ने 7 जिलों में अति भारी और 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। तेज बारिश को देखते हुए सतना में 2 और 3 सितंबर को स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ियों में छुट्टी घोषित की गई है।

**कुछ समाचार संक्षेप में:-**

- शहडोल जिले में मूसलाधार बारिश के चलते बाणसागर बांध के 6 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है, वहीं गुरुवार को जिले के बुढ़ार क्षेत्र में जन विश्वास शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- उज्जैन के कालिदास कन्या महाविद्यालय में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया।
- झाबुआ और अनूपपुर जिलों में पंचायत व निकाय उप-निर्वाचन 2026 का कार्यक्रम जारी होते ही आदर्श आचरण संहिता लागू कर दी गई है।
- आगरमालवा जिले के निवासियों से हरिद्वार एवं ऋषिकेश की निःशुल्क तीर्थ यात्रा के लिए 9 सितंबर तक आवेदन मांगे गए हैं।
- खंडवा जिले के ग्राम चमाटी में एचआईवी एड्स सघन जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को जांच और बचाव की जानकारी दी गई।
- देवास जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ग्वालियर में आयोजित बलराम जयंती महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुरस्कृत किया गया।

.....................